**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 3604**

**Series : SS-M/2018**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

# हिन्दी (ऐच्छिक)

## HINDI (Elective)

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित प्रश्न **10** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/ पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*** *कुछ प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिए गए हैं।*

*(ii) जिन प्रश्नों के कई भाग हैं, उन्हें एक साथ कीजिए।*

*(iii) वर्तनी की अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में अंक काटे जाएँगे।*

*(iv) शुद्ध, सुपाठ्य और सटीक उत्तरों को अधिमान दिया जाएगा।*



Downloaded from cclchapter.com

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उसके नीचे दिए गए विकल्पों में से एक ***सही*** विकल्प चुनकर दीजिए : 1 × 10 = 10

(i) 'देवसेना का गीत' प्रसाद के किस नाटक से लिया गया है ?

(क) चन्द्रगुप्त (ख) स्कन्दगुप्त

(ग) अजातशत्रु (घ) ध्रुवस्वामिनी

(ii) 'गीत गाने दो मुझे' कविता के कवि हैं :

(क) जयशंकर प्रसाद

(ख) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(ग) विद्यापति

(घ) तुलसीदास

(iii) पतंग उड़ाते बच्चे से कवि ने किसके बारे में पूछा ?

(क) हिमालय (ख) बनारस

(ग) गंगा (घ) सूर्य

(iv) वसन्त के आगमन पर पेड़ों के पत्ते कैसे हो जाते हैं ?

(क) काले (ख) पीले

(ग) नीले (घ) हरे

(v) 'चाँचरि' क्या है ?

(क) एक पक्षी (ख) एक पशु

(ग) एक खेल (घ) एक गाँव

(vi) 'षटमुख' कौन है ?

(क) ब्रह्मा (ख) गणेश



Downloaded from cclchapter.com

(ग) शिव (घ) कार्तिकेय

(vii) 'बारहमासा' में नायिका प्रियतम के पास किसके द्वारा सन्देश भेज रही है ?

(क) कबूतर (ख) कोयल

(ग) कौआ (घ) मेघ

(viii) 'मधुपुर' से विद्यापति का किस नगर से आशय है ?

(क) वृंदावन (ख) गोकुल

(ग) मथुरा (घ) द्वारिका

(ix) अंगद के अनुसार 'धनुरेख' किसके द्वारा पार ***नहीं*** हो सकी ?

(क) मेघनाद (ख) रावण

(ग) कुंभकर्ण (घ) विभीषण

(x) 'बाजि' किस पशु को कहते हैं ?

(क) घोड़ा (ख) सिंह

(ग) मृग (घ) बैल

**2.** निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी ***एक*** काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

किसी अलक्षित सूर्य को

देता हुआ अर्घ्य

शताब्दियों से इसी तरह

गंगा के जल में

अपनी एक टाँग पर खड़ा है यह शहर



Downloaded from cclchapter.com

अपनी दूसरी टाँग से

बिल्कुल बेखबर !

**अथवा**

सब जाति फटी दुख की दुपटी कपटी न रहै जहँ एक घटी।

निघटी रुचि मीचु घटि हूँ घटी जगजीव जतीन की छूटी चटी।

अघओघ की बेरी कटी बिकटी निकटी प्रकटी गुरुज्ञान-गटी।

चहुँ ओरनि नाचति मुक्तिनटी गुन धूरजटी जटी पंचवटी।

**3.** जयशंकर प्रसाद ***अथवा*** मलिक मुहम्मद जायसी के जीवन, रचनाओं एवं काव्य की विशेषताओं का परिचय दीजिए। 5

**4.** निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी ***एक*** काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 4

टूटहिं बुंद परहिं जस ओला। तेहि जल अंग लाग सर चीरू।।
केहिक सिंगार को पहिर पटोरा। तूँ सो भँवर मोर जोबन फूलू।।

**अथवा**

कुसुमित कानन हेरि कमलमुखी, मूदि रहए दु नयान।
कोकिल कलरव, मधुकर-धुनि सुनि, कर देइ झाँपइ कान।।

**5.** पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 3 = 6$

(क) सरोज के नववधू रूप का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(ख) 'युधिष्ठिर जैसा संकल्प' से क्या अभिप्राय है ?

(ग) भरत का आत्मपरिताप उनके चरित्र के किस उज्ज्वल पक्ष की ओर संकेत करता है ?

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उसके नीचे दिए गए विकल्पों में से एक ***सही*** विकल्प चुनकर दीजिए : $1 \times 10 = 10$

(i) रामचन्द्र शुक्ल के पिता कौन-सी भाषा अच्छी तरह जानते थे ?



Downloaded from cclchapter.com

(क) संस्कृत (ख) हिन्दी

(ग) अंग्रेजी (घ) फारसी

(ii) प्रधान अध्यापक के पुत्र की अवस्था कितनी थी ?

(क) छः साल (ख) सात साल

(ग) आठ साल (घ) नौ साल

(iii) बड़ी बहुरिया के कितने देवर थे ?

(क) दो (ख) तीन

(ग) चार (घ) पाँच

(iv) शेर मुँह खोलकर कहाँ बैठा हुआ था ?

(क) छत के नीचे (ख) पेड़ के नीचे

(ग) पहाड़ के नीचे (घ) घर के नीचे

(v) सिंगरौली की आबादी लगभग कितनी है ?

(क) पचास हजार (ख) साठ हजार

(ग) सत्तर हजार (घ) चालीस हजार

(vi) 'पांचजन्य' किसका नाम था ?

(क) कृष्ण के शंख का (ख) अर्जुन के धनुष का

(ग) भीम की गदा का (घ) कृष्ण की मुरली का

(vii) गंगा सभा के सेवक कैसी वर्दी पहनते हैं ?

(क) लाल (ख) काली

(ग) नीली (घ) खाकी

(viii) शापित होकर रामगिरि कौन गया था ?

(क) कालिदास (ख) कबीरदास

(ग) तुलसीदास (घ) रहीमदास

(ix) वीरेश लिंगम किस भाषा के कवि थे ?

(क) तमिल (ख) तेलुगू

(ग) मलयालम (घ) बंगला

(x) हजारों कश्मीर निवासी किसका स्वागत कर रहे थे ?



Downloaded from cclchapter.com

(क) पं० नेहरू का (ख) महात्मा गाँधी का

(ग) इन्दिरा गाँधी का (घ) सुभाष चन्द्र बोस का

**7.** निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी ***एक*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

दुख और सुख तो मन के विकल्प हैं। सुखी वह है जिसका मन वश में है, दुखी वह है जिसका मन परवश है। परवश होने का अर्थ है खुशामद करना, दाँत निपोरना, चाटुकारिता, हाँ-हजूरी। जिसका मन अपने वश में नहीं है वही दूसरे के मन का दंदावर्तन करता है, अपने को छिपाने के लिए मिथ्या आडम्बर रचता है, दूसरों को फँसाने के लिए जाल बिछाता है।

**अथवा**

हमें तो धोखा होता है कि परदादा की घड़ी जेब में डाले फिरते हो, वह बन्द हो गई है, तुम्हें न चाबी देना आता है न पुर्ज़े सुधारना, तो भी दूसरों को हाथ नहीं लगाने देते।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) भ्रदमथ शिलालेख की क्षतिपूर्ति कैसे हुई ? स्पष्ट कीजिए। 4

(ख) लेखक ने कवि की तुलना प्रजापति से क्यों की है ? 2

(ग) 'शेर' कहानी में लेखक ने शेर को किस बात का प्रतीक बताया है ? 2

(घ) 'दूसरा देवदास' पाठ के आधार पर हर की पौड़ी पर होने वाली गंगा जी की आरती का वर्णन कीजिए। 2

**9.** *'अंतराल (भाग दो)'* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) जगधर के मन में किस तरह का ईर्ष्या-भाव जगा और क्यों ? 2

(ख) रूपसिंह पहाड़ पर चढ़ना सीखने के बावजूद भूपसिंह के सामने बौना क्यों पड़ गया था ? 2

(ग) लेखक बिसनाथ ने किन आधारों पर अपनी माँ की तुलना बतख से की है ? 2

(घ) फूल केवल गंध ही नहीं देते दवा भी करते हैं, कैसे ? 4



Downloaded from cclchapter.com

**अथवा**

अब मालवा में वैसा पानी नहीं गिरता, जैसा गिरा करता था। उसके क्या कारण हैं ? 4

**10.** ***अभिव्यक्ति और माध्यम*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $3 \times 5 = 15$

(क) जनसंचार का एक सशक्त माध्यम है 'दूरदर्शन', इसकी ***दो-दो*** खूबियाँ व ***दो-दो*** कमियाँ बताइए।

(ख) कविता के प्रमुख घटक कौन-कौन-से हैं ?

(ग) 'फीचर' किसे कहते हैं ? यह कैसे लिखा जाता है ? विस्तार से समझाइए।



Downloaded from cclchapter.com